एक नजर में

सोमवार को निकलेगी महादेव की शाही सवारी

पडाना 18 जुलाई, सं. श्रावण मास के अंतिम सोमवार इस वर्ष भी विश्व काशीनाथ महादेव की शाही सवारी निकाली जावेगी. जिसको लेकर सार्वजनिक नवयुवक हिंदू उत्सव समिति द्वारा नरसिंह मंदिर परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में शाही सवारी का प्रारंभ साधन खेड़ी रोड पर स्थित उज्जैन वाली माता मंदिर परिसर से तय रूट अनुसार होगा. जिसमें आकर्षक झांकियां, ढोल नगाड़े, आतिशबाजी, जय घोष, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा इत्यादि कर शाही सवारी का समापन काशीनाथ महादेव मंदिर पर होगा. बैठक में गोविंद सेन, राजा पुष्पद, पार्थ सोनी, आशीष गोस्वामी, अमित पुष्पद, केशव सक्सेना, बिट्टू शर्मा, विक्की परिहार, अनिल सेन, राहुल पुष्पद, मेहुल नाथ, गौरव बैरागी, आशीष खाती, ओम परमार, गोपाल चौरसिया, गौरव शर्मा इत्यादि उपस्थित थे.

वरिष्ठजनों के लिये भरण-पोषण अधिनियम

राजगढ़ 18 जुलाई, का. वरिष्ठजनों के लिये भरण-पोषण अधिनियम-2007 सहायक बन कर सामने आया है. जिस प्रकार उम्र बढ़ने पर सहारे के लिये लाठी की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार यह अधिनियम वरिष्ठजनों के लिये सहारे की लाठी बन कर उभरा है. अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों और अभिभावकों को समर्थन प्रदान करने वाली व्यवस्था की रचना करना है, जिससे वे एक विशेष ट्रिब्यूनल (अधिकरण) के समक्ष निर्धारित 90 दिन की समय-सीमा के अंदर भरण-पोषण के अधिकार को सुलभता और शीघ्रता से प्राप्त कर सकें. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम-2007 प्रदेश में 23 अगस्त, 2008 से लागू है.

झंडायात्रा निकालने पर दी धमकी

सारंगपुर 18 जुलाई, सं. गांव में झंडायात्रा निकालने पर दो युवकों ने आपत्ति जनक शब्दों का मल्हारगंज गांव के रहने वाले सुरेश कुमार भिलाला ने सारंगपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि वे खेती करते हैं. हर मंगलवार गांव में बजरंग बली का झंडा निकालते हैं. इस यात्रा में दिलीप कुमार, संजू कुमार और अन्य ग्रामीण भी शामिल रहते हैं. 15 जुलाई की रात करीब 9 बजे वे मंदिर से झंडा लेकर अपने घर के पास पहुंचे. तभी पडाना के राजेन्द्र परमार और जितेन्द्र ऊर्फ गट्टू परमार वहां आए. उन्होंने झंडा निकालने पर आपत्ति जताई. आरोप है कि जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया. सुरेश और मंडली के लोगों ने गालियां देने से मना किया. जाते समय भी धमकियां दी गई. फरियादी की पड़ाना पुलिस चौकी पर सुनवाई न होने पर सारंगपुर थाना प्रभारी के संज्ञान में लाई गई. जहां पुलिस टीआई आकांक्षा हाड़ा ने फरियादी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351 (3) सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस लगाए गए आरोपों और तथ्यों की जांच उपरांत आगे कार्यवाही करेगी.

माईक्रो इरीगेशन से किसानों को जोड़ें

राजगढ़ 18 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले के अधिक से अधिक किसानों को माइक्रो इरीगेशन से जोड़ा जाए। इसके लिए जरूरी है कि उन्हेंज माइक्रो इरीगेशन पद्धतियों से होने वाले फायदों के प्रति जागरूक किया जाए. कलेक्टेर ने कहा कि जिले का मैदानी कृषि अमला किसानों से अपना जीवंत जुड़ाव बनाए. साथ ही प्रत्येटक गांव में माईक्रो इरीगेशन की वर्तमान स्थिति एवं संभावनाओं की लाईन लिस्टिंग तैयार करे. उन्हों ने कहा कि माइक्रो इरीगेशन अपनाने वाले किसानों को आत्माल परियोजना एवं उद्यानिकी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गुरूवार को जिला मुख्याालय पर आयोजित आत्मागा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित कर रहे थे.

8 निकायों ने 3 साल से नहीं कराई पानी की जांच

जिले की छोटी नगरीय निकायें इस मामले में सजग, वे हर साल देते हैं जांच के लिए वाटर सैम्पल

नागरिकों को साफ पानी पिलाने की चिंता नहीं है निकायों के पास

जलकर की राशि वसूलने वाली निकायें महामारी को लेकर अलर्ट नहीं

नवभारत पड़ताल
गौरव चौरसिया

राजगढ़ 18 जुलाई, का. शासन की ओर से स्वच्छ पेयजल प्राप्त करना नागरिकों का मौलिक अधिकार है. लेकिन ये अधिकार उनसे छीनने में निकाएं आगे आ रही है. जिले की करीब 8 नगर परिषद ऐसी है जो अपने नागरिकों को साफ पानी पिलाना नहीं चाहती है. नवभारत द्वारा पड़ताल करने पर सामने आया है कि पीएचई में पिछले 3 सालों ने अपने द्वारा प्रदाय किए जाने वाले पानी की टेस्टिंग की इन निकायों ने नहीं कराई है. और ये निकायें जिले के बड़े और प्रमुख नगरों का प्रतिनिधित्व करती है.

ये 8 निकायें नहीं करा रही वाटर टेस्टिंग

जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका ब्यावरा, जिला मुख्यालय पर नपा राजगढ़, नगर परिषद तलेन, परिषद माचलपुर, बोड़ा, कुरावर, खुजनेर और नगर परिषद खिलचीपुर द्वारा बीते 3 वर्षों से वाटर टेस्टिंग नहीं कराई है. पीएचई में भी पड़ताल करने पर इन निकायों के नाम सामने नहीं आए है. कुल मिलाकर नागरिकों को साफ पेयजल देने के मामले में ये 8 निकायें जागरूक नहीं है.

जिला मुख्यालय फिर से महामारी की तैयारी में

जिला मुख्यालय राजगढ़ में 2 फिल्टर प्लांट मोहनपुरा और वॉटर वर्क्स से 7 ओवर हेड टैंक के माध्यम से घरों में पीने का पानी पहुंचाया जाता है. लेकिन सूत्रों की मानें तो वर्षों से इनकी सफाई नहीं की गई है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 के मार्च महीने में दूषित पानी पीने से राजगढ़ नगर में महामारी जैसे हालत बन चुके हैं. उस दौरान नगर में जहां कई लोग बीमारी की को चपेट में आ कर बीमार हो गए थे वहीं कुछ लोग गंभीर बीमार होते हुए अपनी जान तक गंवा चुके थे. बमुश्किल जीवन सामान्य हुआ था. लेकिन अब नगर परिषद लगता है फिर से नगर को महामारी के मुंह में धकेलना चाहती है.

इसके अलावा छोटी निकायें इस मामले में जागरूक निकली हैं और वे पीएचई ने अपने द्वारा प्रदाय किए जाने वाले पानी की टेस्टिंग भी हर साल करवा रही है. ऐसे में विभाग खिलचीपुर जैसी घटनाओं में अपनी गलती को ढांक देता है. वहीं राजगढ़ में पीलिया जैसी महामारी को फिर से निमंत्रण दिया जा रहा है. जानकारी के अनुसार जिले की 14 नगरीय निकायों में 8 नगरीय निकायों ने पिछले 3 सालों से पीएचई में वाटर टेस्टिंग नहीं कराई है. जिन जलस्त्रोतों से ये पेयजल सप्लाई करते हैं उन स्त्रोंतों के पानी में संक्रमण, हानिकारक खनिजों की समावेश तो नहीं है इसे जांच कराना नागरिक हितों में जरूरी है. लेकिन ये 8 निकायें इसे जरूरी नहीं समझती है.

निश्चित अंतराल में जांच होनी चाहिए

शासकीय सहित निजी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली सभी संस्थाओं को नियमित पानी की जांच करवाना चाहिए. एक सीमित अंतराल में जांच होती रहना चाहिए क्यों कि लेबोरेट्री में टेस्ट के बाद ही पता चलता है पानी पीने योग्य है या नहीं.

रामजी लाल सेकवार
कार्यपालन यंत्री, पीएई राजगढ़

जिले की निकायों ने कब-कब कराई वाटर टेस्टिंग

मामले में अपनी पड़ताल में नवभारत ने पाया कि जिले की सुठालिया नगर परिषद प्रतिवर्ष राजगढ़ पीएचई में अपने जलस्त्रोंतों का वाटर सैम्पल भेजती है. सुठालिया द्वारा 27 जुलाई 2022, 11 मई 2023 और 06 जून 2025 को पानी की जांच कराई गई है. इसके अलावा छापीहेड़ा द्वारा 25 नवंबर 2024, जीरापुर द्वारा 28 नवंबर 2024, सारंगपुर द्वारा 28 मई 2025 में पानी की जांच कराई है. वहीं नरसिंहगढ़ परिषद द्वारा स्थानीय स्तर पर पीएचई सेंटर में जांच कराई जा रही है. वहीं पचोर नगर परिषद द्वारा समय-समय पर पानी की जांच कराई जा रही है. लेकिन अन्य निकायों ने 3 वर्ष से अधिक समय से वाटर टेस्टिंग कराने की जहमत नहीं उठाई है.

2022 के बाद नहीं की पेयजल की जांच- राजगढ़ नगर पालिका द्वारा पिछली बार दिनांक 27 जुलाई 2022 में मोहनपुरा फिल्टर प्लांट के पानी जी जांच पीएचई स्थित एनएबीएल (नेशनल एग्रीडेशन बोर्ड फॉर टेस्ट एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज) द्वारा करवाई गई थी. वो भी तत्कालीन समय में नगर की पेयजल व्यवस्था सम्भल रही पी सी स्नेहल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा करवाई गई थी. जुलाई 2022 के बाद ने नगर पालिका राजगढ़ द्वारा किसी भी प्रकार की पेयजल की सरकारी जांच नहीं करवाई गई. वहीं अन्य 7 निकायों ने भी 3 वर्ष पूर्व ही पानी की जांच कराई थी. इसके बाद कोई सुध नहीं ली गई.

अपनी गलती छिपाने कैम्पर संचालकों पर कार्यवाही

बीते दिनों खिलचीपुर में गंदा पानी पीने से कई लोग बीमार हुए थे. संक्रमण ऐसा फैला की अस्पताल में मरीजों की बड़ी संख्या जमा हो गई. अगले ही दिन स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य अमले ने कैम्पर संचालकों के दस्तावेज पुष्ट ना होने पर कार्यवाही की. लेकिन वे अपनी गलती को सार्वजनिक करने से कन्नी काटते नजर आए. संक्रमित लोगों में वे भी शामिल थे जो निकाय द्वारा प्रदाय पेयजल पीते है. कार्यवाही करने के साथ ही अपनी गलती भी सुधारी जानी चाहिए.

सांदीपनि और आईसीटी लैब वाले विद्यालयों को मिली कौशल विकास पुस्तिका

राजगढ़ 18 जुलाई, का. प्रदेश में संचालित सांदीपनि और आईसीटी लैब विद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को कम्प्यूटर कौशल से जुड़ी जानकारी पर आधारित पुस्तिका स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है. यह पुस्तिका कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिये उपयोगी है. इन पुस्तकों का प्रकाशन पाठ्यपुस्तक निगम से कराया गया है. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने विद्यार्थियों के बीच पुस्तिका के वितरण के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये है. लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों को शत प्रतिशत ई-अटेंडेन्स हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश जारी किये है. निर्देश में कहा गया है कि यह व्यवस्था 18 जुलाई से प्रदेश में अनिवार्य रूप से लागू होगी. जिन अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज नहीं होगी उनका मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सकेगा. इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किये जाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है.

चाईल्ड ट्रेकिंग करने पूरे स्टॉफ को लगाया

स्कूल चले अभियान का सर्वे करने लगाई शिक्षकों की ड्यूटी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई,का. स्कूल चले अभियान के द्वितीय चरण के तहत 6 से 18 वर्ष के बच्चों को जो विद्यालय में अध्ययनरत है अथवा बाहर है उनका चाईल्ड ट्रेकिंग एप पर विवरण दर्ज करने के लिये एक विद्यालय के समस्त शिक्षकों की ड्यूटि लगा दी गई है.

आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि ब्यावरा के सीएम राइज स्कूल से संबंद्ध प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के पूरे स्टॉफ को इस कार्य में लगा दिया है. इससे स्कूल के संचालन में बाधा उत्पन्न होने की समस्या आ सकती है.

गौरतलब है कि 06 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के विद्यालय में अध्ययनरत् एवं बाहर बच्चों को चिन्हित कर चाईल्ड ट्रेकिंग एप पर विवरण दर्ज जाकर शाला में प्रवेश की कार्यवाही की जाना है. इसके लिये शिक्षकों की ड्यूटि लगाई गई है.

चाईल्ड ट्रेकिंग एप पर विवरण दर्ज करने के लिये सीएम राइज स्कूल से संबंद्ध प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के पूरे स्टॉफ को तैनात किया गया है. इनमें प्राथमिक शाला में माजदा सिद्धकी, हरिश सक्सेना, दुष्यंत राणा, सतीश मोंगिया तथा मावि के प्रधानाध्यापक सुनिधि राजपूत शिक्षक रूद्र प्रताप, ओम प्रकाश, नंदकिशोर लववंशी, पूजा कुशवाह शामिल है.

यह स्कूल वर्तमान में पुरानी तहसील के अंदर आदर्श माध्यमिक विद्यालय में लग रहा है. विद्यालय स्टॉफ की ड्यूटि लगा देने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने की संभावना है. हालांकि बीआरसी कार्यालय के अनुसार यह कार्य संक्षिप्त समय का है और विद्यालय से ही संपन्न हो जायेगा. हमारा प्रयास होगा कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो.

गागोरनी में पौधरोपण

राजगढ़ 18 जुलाई, का. जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप, राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, सांसद रोडमल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया आदि ने ग्राम गागोरनी में एक पेड मां के नाम अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रौपे.

कलशयात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू, सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे

पंवार परिवार द्वारा आयोजित हो रही कथा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई,का. नगर में भाजपा नेता जगदीश पंवार एवं परिजनों द्वारा पाराशर गार्डन में कराई जा रही शिव महापुराण कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई.

अग्रवाल धर्मशाला से पाराशर गार्डन तक निकली शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया. गंगाजल से भरे कलशों का विधि-विधान से पूजन-अर्चना एवं शिव महापुराण आरती के साथ कथा प्रारंभ की गई. शिव महापुराण कथा 24 जुलाई तक प्रतिदिन 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. भागवत आचार्य पंडित प्रमोद नागर कथा का वाचन किया जा रहा है.

इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनधि जगदीश गुर्जर, मोहन पंवार, मानसिंह राजपूत, अमित शर्मा, मकलेश चौहान, मुरारी चाचा, राजेश जैन लाला, राजू यादव, महेश अग्रवाल, विनोद शिवहरे सहित कई लोग मौजूद थे.

सरकारी दमन का प्रतीक है हरदा लाठीचार्ज, करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 18 जुलाई, का. हरदा में बीते दिनों करणी सेना के पदाधिकारियों और सदस्यों पर लाठी चार्ज को लेकर करणी सेना ने ज्ञापन सौंपा है. हरदा जिले में एक वर्ष पूर्व हीरा खरीद से जुड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया था. जिसमें श्री आशीष राजपूत द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी. उन्होंने श्री मोहित एवं श्री उमेश नामक व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगाए थे. इस शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई थी तथा आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, किंतु बाद में उन्हें बिना पर्याप्त कार्यवाही के छोड़ दिया गया. हीरा धोखाधड़ी मामले में स्वयं पीड़ित (फरियादी) को पुलिस द्वारा कोर्ट परिसर में बुलाया गया, जहां बताया गया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है. इसके बावजूद फरियादी की बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई. इस दौरान जब पीड़ित पक्ष ने पुलिस से रिमांड एवं उचित पूछताछ की मांग की, तो थाने में उन्हें अपमानित किया गया तथा पुलिस द्वारा उनके साथ अभद्रता एवं लाठीचार्ज किया गया. यह लाठीचार्ज उन नागरिकों पर किया गया जो केवल शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने थाने पहुंचे थे.

इसके पश्चात पीड़ित पक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया. धरना समाप्त करवाने के लिए थाना प्रभारी एवं तहसीलदार ने करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर को आमंत्रित किया और उनके पहुंचते ही पुलिस द्वारा पूर्व नियोजित तरीके से उन पर हमला कर दिया गया. यह दर्शाता है कि प्रशासन की मंशा संवाद या समाधान की नहीं, बल्कि दमन की थी. मामले में जांच और न्याय की मांग की गई है. इस दौरान अखिल कु.मयंक प्रताप सिंह मुवालिया जागीर जिला अध्यक्ष करणी सेना सहित सदस्य मौजूद रहे.

ब्यावरा आगमन पर मोनालिसा का स्वागत

ब्यावरा 18 जुलाई, का. प्रयागराज महाकुंभ में वायरल गर्ल मिस मोनालिसा एवं फिल्म डायरेक्टर महेंद्र सिंह लोधी और मोनालिसा के परिवार का ब्यावरा सांवरिया होटल पर के के.सी.कॉन्वेंट हाई स्कूल के संचालक एवं विधायक प्रतिनिधी इंदरसिंह लववंशी जनपद सदस्य के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया. भोजन उपरांत एक पेड़ मां के नाम मोनालिसा के साथ लगाया. इस अवसर मोनालिसा का स्वागत सरपंच अशोक जाट, देवीसिंह सोंधिया, विष्णूप्रसाद गुर्जर, होटल संचालक जय चौहान, मोहन लववंशी, गिरिराज लववंशी, राम भील, अजय गौड़ सहित अन्य लोग ने स्वागत किया.

ऊर्जा विभाग में रिक्त पदों के लिये आवेदन 04 तक

राजगढ़ 18 जुलाई, का. ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल है. इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त है.

आकाश की तरह हमारी आत्मा भी पवित्र है-परमानंद जी महाराज

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई, का. अखंड परमधाम आश्रम ब्यावरा में राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर अनंत श्री पूज्य युगपुरुष परमानंद जी महाराज का आगमन हुआ.

गुरु पूजन और पादुका पूजन के आयोजन के पश्चात परमानंद जी महाराज ने आशिवचन में कहा कि जैसे आकाश कभी गंदा नहीं होता, वैसे ही हमारी आत्मा भी पवित्र है. उन्होंने लोगों को बुराइयों से दूर रहने और एक-दूसरे से प्रेमपूर्ण व्यवहार करने की सीख दी. कार्यक्रम में राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार, सांसद रोडमल नागर, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.

उन्होंने कहा कि आज के युग में चरित्र निर्माण की आवश्यकता है. बच्चों के चरित्र का शोधन करो. उन्हें स्वधर्म पर चलना सिखाइए, ताकि कोई छांगुर बाबा उनको छल नहीं सके. जो धर्म की रक्षा नहीं करता, धर्म उसकी रक्षा नहीं करता. अपने धर्म को बड़ा बनाओ, राष्ट्रवादी बनो.

उन्होंने धनवान लोगों से आह्वान किया हमारा धन शोषित, वंचित, पिछड़े समाज में लगे इसका विचार करना चाहिए.

बैठक दुर्घटना संभावित स्थानों में सुधार करेंगे, विभागों को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

प्रभारी मंत्री ने मांगी हाईवे के ब्लैक स्पॉट की हिस्ट्री

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 18 जुलाई, का. जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि जिन सडकों पर अधिक दुर्घटनाएं हो रही है, वहां दुर्घटनाओं से बचाव के इंतजाम किए जाए. चिन्हिंत ब्लेक स्पॉटस पर आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाए जाएं. जहां कोई बदलाव की आवश्यकता है, वहां आवश्यक बदलाव किया जाए. यदि सडक निर्माण में कोई तकनिकी त्रुटि है तो उसे दुरस्त किया जाए. खास तौर पर सडकों के मोड़ अथवा घुमाव इत्यादि निर्धारित मापदण्डों के विरूद्ध तो नहीं है यह भी देख लिया जाए. उन्होंने कहा कि सडकों के

किनारे शोल्डर पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया जाए. प्रभारी मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं म.प्र. सडक विकास निगम के अधिकारियों से साथ कलेक्टर बैठक कर ब्लेक स्पॉटस पर दुर्घटनाओं की हिस्ट्री सहित रिपोर्ट भिजवाएं.

बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई, राष्ट्रीय राजमार्ग ब्रिज कॉरपोरेशन एवं अन्य निर्माण एजेंसीयों के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई. लघु उद्योग निगम की समीक्षा के दौरान फुड प्रोसोसिंग कलस्टर कचनारिया की जमीन से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए. इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित कार्यो की गुणवत्ता का अन्य विभागों के अधिकारियों की टीम बनाकर निरीक्षण कराने के लिए भी प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए. बैठक में मोहनपुरा, कुण्डालिया, सुठालिया एवं पार्वती सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी परियोजनाओं अंतर्गत यदि कोई महत्वपूर्ण मुददे लंबित हैं तो उन पर आवश्यक समन्वय कर कलेक्टर रिपोर्ट भिजवाएं. सुठालिया परियोजना अंतर्गत पुल-पुलियाओं के निर्माण कार्य समय-सीमा में सम्पन्न हो, पूर्णता प्रमाण पत्र देते समय यह ध्यान दिया जाए की कार्य में कोई खामियां तो नहीं छूट गई है. इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, सांसद रोडमल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारी लाल दांगी, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने विभिन्न विभागों से संबंधित क्षेत्रिय समस्याएं एवं बेहतर विकास के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए. जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.

नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

ब्यावरा पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई, का. मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शिक्षण संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव समझा कर हर प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई.

शहर थाना सब इंस्पेक्टर पूजा राठौर ने छात्रों को निजी और सामाजिक जीवन में फैल रहे विभिन्न प्रकार के नशों के बारे में जानकारी दी व् उनसे संवाद किया. उन्होंने बताया कि किस प्रकार अपने परिवार को नशे की लत से बचाया जा सकता है. व नशा करने से होने वाले नुकसान सभी छात्रों को बताये.

नशा मुक्ति आयोजन के कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य एस के जैन द्वारा भी छात्रों को मोबाइल और ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने और दूर रहने की सलाह दी गई. इस मौके पर समस्त स्कूल स्टॉफ सहित विद्यार्थिगण मौजूद थे.